# Diamond



## SKILL IN TEACHING LESSON NOTE-BOOK

For

## D.Ed. Class

Session - ............D.Ed. IInd

# हिन्दी शिक्षण

# LESSON PLAN No. 1

Date 08/08/2020 Duration of the period

Pupil Teacher's Name निशा Pupil Teacher's Roll No. 16

Class 7th Average Age of the pupils

Subject हिंदी Topic कविता - हम पंछी उन्मुक्त गगन के

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, पुस्तक, पैन, संकेतक आदि।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(i) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना।
(ii) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(iii) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(iv) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व से परिचित कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

1. **ज्ञानात्मक उद्देश्य :-**

(i) विद्यार्थियों को कवि 'शिव मंगल सिंह सुमन' द्वारा रचित हम पंछी उन्मुक्त गगन के कविता का अध्ययन कराते हुए मनुष्य के जीवन में स्वतंत्रता के महत्व को समझाना।
(ii) बच्चे आजादी के मूल्य को समझ पाएंगे।
(iii) कवि के जीवन परिचय को जान पाएंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-
~~कविता~~ पाठ के अंत में ~~कविता~~ पाठ से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे पाएंगे।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र.स. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | बच्चों हम कब जागते है? | सुबह |
| (2.) | सुबह हमे क्या-2 दिखाई देते है? | उगता सुरज, पक्षी घुमते हुए लोग आ |
| (3.) | पक्षी को और क्या कहते है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-
अच्छा बच्चों आज हम 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता को पढ़ेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| कविता | हम पंछी उन्मुक्त गगन के | सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे है। | हम पंछी उन्मुक्त गगन के |
| कवि | शिव मंगल सिंह सुमन | | शिव मंगल सिंह सुमन |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका उचित लय यति गति एवं भावानुसार कविता का सस्वर वाचन कर आदर्श प्रस्तुत करेगी। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे है। | |
| कविता की व्याख्या | छात्राध्यापिका कविता की व्याख्या कर भाव स्पष्ट करेगी। | | |
| कठिन शब्दों के अर्थ | छात्राध्यापिका विद्यार्थियों के सहयोग से कठिन शब्दों का निवारण करेंगी तथा साथ-2 उनका अर्थ भी स्पष्ट करेगी<br><br>शब्द — अर्थ<br>पंछी — पक्षी<br>उन्मुक्त — खुला<br>गगन — आसमान<br>पुलकीत — प्रसन्नता से भरे<br>कटुक — कड़वी | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे है और कॉपी में लिख रहे है। | शब्द — अर्थ<br>पंछी - पक्षी<br>उन्मुक्त - खुला<br>कटुक - कड़वी |
| | प्रस्तुत कविता में क्या भाव निहित है?<br>स्वतंत्रता का | | स्वतंत्रता का भाव |

## निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी नोटबुक में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

## मूल्यांकन कार्य :-

प्रश्न -1.) हर तरह की सुख - सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते थे?

प्रश्न - 2.) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन -2 सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते है।

## गृह कार्य :-

प्रश्न -1.) कविता में कवि ने किसका वर्णन किया है?

प्रश्न -2.) "हम पंछी उन्मुक्त गगन के" कविता को अच्छे से पढ़ कर आना है।

## LESSON PLAN No. 2

Date: 9/8/2020 — Duration of the period:

Pupil Teacher's Name: निशा — Pupil Teacher's Roll No: 16

Class: 7th — Average Age of the pupils:

Subject: हिंदी — Topic: पाठ - दादी माँ

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, पुस्तक, संकेतक आदि।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्त्व से परिचित कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

ज्ञानात्मक उद्देश्य :-

(1) विद्यार्थी कहानी की विधा से परिचित हो सकेंगे।
(2) दादी माँ के दयालु स्वभाव से परिचित होंगे।

बोधात्मक उद्देश्य :-

(1) परिवार के महत्त्व को समझ सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

(1) कहानी में आए कठिन शब्दों को पढ़कर आसानी से उनका उच्चारण कर पाएगे।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र० स० | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | हम जहाँ रहते है उसे क्या कहते है? | घर |
| (2.) | आपके घर में आप किसके साथ रहते है? | पापा, मम्मी, बहन, भाई, दादा-दादी |
| (3.) | दादी माँ पाठ दादी को बीमारी वाले घर में क्या चीज़ सबसे बुरी लगती थी? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-

बच्चों आज हम पाठ-2 "दादी माँ" का अध्ययन करेंगे। जिसके रचयिता शिवप्रसाद सिंह है।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
| --- | --- | --- | --- |
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोंच्चारण का ध्यान रखते हुए आदर्श वाचन करेगी। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेगे | |
| ज्वर का अनुमान लगाना | ① दादी माँ ज्वर का अनुमान कैसे लगाती थी | छूकर | छूकर |
| | ② गाँव के लड़के झागभरे जलाशयों मे किस महीने मैं खेलते है? | क्वार | क्वार |
| | ③ लेखक के मित्र पीठ पीछे उसे क्या कहकर उसका मजाक उड़ाते थे? कमजोर | | कमजोर |

## निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी नोटबुक मे लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी तथा आवश्यकतानुसार उनकी मदद करेगी।

## मूल्यांकन कार्य :-

प्र०-(1.) 'दादी माँ' पाठ के लेखक कौन है?

प्र० -(2.) दादी माँ सुख - दु:ख में पूरे गाँव की क्या बन जाती ~~है~~ थी?

## गृह कार्य :-

प्र० -(1.) दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति ~~कैसी~~ खराब क्यों हो गई थी?

प्र० -(2.) लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ -२ बचपन की और किन -२ बातों की याद आ जाती है?

## LESSON PLAN No. 3

Date 12/8/2020 — Duration of the period

Pupil Teacher's Name निशा — Pupil Teacher's Roll No. 16

Class 7th — Average Age of the pupils

Subject हिंदी — Topic मिठाईवाला (पाठ)

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेत, पाठ्यपुस्तक आदि।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
(2) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व से परिचित करना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

(1) **ज्ञानात्मक उद्देश्य :-** ① बच्चों में मानसिक शक्तियों का विकास करना।
② बच्चों में कहानी के माध्यम से उनके अन्दर मिठाईवाला के चरित्र का परिचय कराना।

**बोधात्मक उद्देश्य :-** 'मिठाई वाला' पाठ के भावार्थ को समझ पाएंगे।

प्रयोगात्मक ~~प्रश्न~~ उद्देश्य :- पाठ के अंत में पाठ से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे पायेंगे।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र० स० | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | बच्चों ~~हम~~ कौन -2 से त्यौहार मनाते है? | होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस आदि। |
| 2 | ~~को~~ दीपावली आने पर हम क्या - 2 करते है? | घर की साफ - सफाई, नए कपड़े और मिठाईयाँ लाते है। |
| 3 | मिठाई हम कहाँ से खरीदते या लाते है? | बाजार में मिठाईवाले से |
| 4. | मिठाईवाले के पास किस प्रकार की मिठाई होती है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-
अच्छा बच्चों आज हम 'भगवती प्रसाद वाजपेयी द्वारा लिखित कहानी 'मिठाईवाला' पाठ - 5 का अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोच्चारण एवं शुद्धवाणी का ध्यान रखते हुए आदर्श वाचन करेगी। | सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे है। | |
| 2. अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका विद्यार्थियों के वाचन को मनोयोगपूर्वक सुनेगी व उसमें निहित अशुद्धियों को दूर करेगी। | विद्यार्थी स्वराघात बालघात एवं भावानुसार के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखकर अनुकरण पाठ करेंगे। | |
| प्रश्न-उत्तर- | छात्राध्यापिका विद्यार्थियों से प्रश्न करेगी - | विद्यार्थी प्रश्नों के उत्तर देंगे। | |
| | प्र- खिलौनेवाला गलियों में घूमते हुए क्या कहता था | उत्तर- खिलौनेवाला बहुत मीठे स्वरों में कहता था बच्चों को बहलाने वाला खिलौने वाला | |
| | प्र- खिलौने वाला मुरली बेचने नगर में कब आया ? छः महीने बाद | छः महीने बाद | 6 महीने बाद |
| | प्र- मिठाईवाले के पास किस प्रकार की मिठाई होती है ? रंग- बिरंगी | | रंग - बिरंगी |

निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी नोटबुक में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घुमकर उनका निरीक्षण करेगी तथा आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करेगी।

मूल्यांकन कार्य :-

(1) 'मिठाईवाला' कहानी के कहानीकार कौन है?

(2) छह महीने बाद नगर में कौन आया?

गृह कार्य :-

(1) मुरली वाले के पास कुल कितनी मुरलियाँ थीं?

(2) मिठाईवाला अलग-2 चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

# LESSON PLAN No. 4.

Date 17/8/2020 | Duration of the period ..........
Pupil Teacher's Name निशा | Pupil Teacher's Roll No. 16
Class 7th | Average Age of the pupils ..........
Subject हिंदी | Topic कविता - 'कठपुतली'

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक आदि।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
4.) छात्रों को हिंदी विषय से परिचित कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :-** विद्यार्थियों को कवि 'भवानी प्रसाद मिश्र' द्वारा रचित कविता 'कठपुतली' का अध्ययन कराते हुए स्वतंत्रता को साकार बनाने मे आने वाली चुनौतियों का ज्ञान करना।

**बोधात्मक उद्देश्य :-** विद्यार्थियों को जीवन के सकारात्मक दृष्टिकोण से अवगत कराना।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

(i) कविता में आए कठिन शब्दों के अर्थ को समझ कर सही प्रकार से कविता का सरलार्थ कर पाएगे।
(ii) कविता के अंत में आए प्रश्नों के उत्तर दे पाएगे।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र० स० | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
| --- | --- | --- |
| (1.) | प्र० - बच्चों आप खेलने के लिए कहा जाते है? | मैदान में, पार्क मे |
| (2.) | प्र० - पार्क में क्या -२ होता है? | पेड़ - पौधे, झुले |
| (3.) | प्र० - पार्क के आलावा झुले कहां मिलते है? | मेलों में |
| (4.) | प्र० - बच्चों धागे की सहायता से दिखाए जाने वाले गुड्डा - गुड़िया के खेल को क्या कहते है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चों आज हम 'भवानी प्रसाद मिश्र' द्वारा रचित 'कठपुतली' कविता का अध्ययन करेंगे।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका उचित लय, यति गति एवं भावानुसार कविता का सस्वर वाचन कर आदर्श प्रस्तुत करेगी। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं। | |
| कठिन शब्दों के अर्थ | छात्राध्यापिका छात्रों के सहयोग से कठिन शब्दों का निवारण करेगी तथा साथ-2 उनका अर्थ भी स्पष्ट करेगी। | सभी छात्र कठिन शब्दों के अर्थ को अपनी नोटबुक में लिख रहे हैं। | |
| कविता की व्याख्या | छात्राध्यापिका कविता की व्याख्या कर भाव स्पष्ट करेगी। | छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं। | |
| कविता से संबंधित प्रश्न-उत्तर | प्र०- कठपुतली को धागे से क्यों बांधा जाता है? | उत्तर ताकि से अपनी उँगलियों के इशारों पर नचाया जा सकें। | |
| | प्र०- इस कविता के रचयिता कौन है? | भवानी प्रसाद मिश्र | भवानी प्रसाद मिश्र |
| | प्र०- कठपुतली किसे देखकर गुस्से में आ जाती है? | धागों को देखकर | धागों को देखकर |

## निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी नोटबुक में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी तथा आवश्यकतानुसार सहायता करेगी।

## मूल्यांकन कार्य :-

(1.) कठपुतली को गुस्सा क्यों आता है?

(2.) पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगती है?

## गृह कार्य :-

(1.) कवि ने डोरियों में बंधी कठपुतली की कौन-सी इच्छा प्रकट की है?

(2.) कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़ी होने की इच्छा है लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

## LESSON PLAN No. 5

Date 20/8/2020 — Duration of the period
Pupil Teacher's Name निशा — Pupil Teacher's Roll No 16
Class 8th — Average Age of the pupils
Subject हिंदी — Topic बस की यात्रा (पाठ)

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक पाठ्यपुस्तक आदि।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्त्व से परिचित करना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :-**

छात्र बस की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

**बोधात्मक उद्देश्य :-**

छात्र बस की यात्रा का आनंद उठा सकेंगे।

**प्रयोगात्मक उद्देश्य :-**

छात्र बस की यात्रा पर हिंदी व्यंग्य लिखने व समझने की प्रवृति जाग्रत कर सकेंगे।

## प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र० सं० | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | हम लोग किस देश में रहते है? | भारत |
| (2.) | भारत की राजधानी कहां है? | दिल्ली |
| (3.) | हम लोगों को दिल्ली जाना हो तो कैसे जायेंगे? | बस या ट्रेन से |
| (4.) | बस की यात्रा नामक पाठ के बारे में आप क्या जानते है? | समस्यात्मक प्रश्न |

## उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चों ! आज हम लोग 'बस की यात्रा' नामक पाठ का अध्ययन करेगे।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट क |
|---|---|---|---|
| पाठ | बस की यात्रा | | पाठ - बस की य |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| लेखक | हरिशंकर परसाई | | |
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोच्चारण एवं शुद्धवाणी का ध्यान रखते हुए आदर्श वाचन करेगी। | सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे है | लेखक - हरिशंकर परसाई |
| अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका विद्यार्थियों के वाचन को मनोयोगपूर्वक सुनेगी व उसमें निहित असुद्धियों को दूर करेगी। | छात्र ध्यानपूर्वक पाठ का अनुकरण कर रहे है। | शब्दार्थ |
| कठिन शब्दों के अर्थ | निमित्त — कारण, साधन<br>गोता — डुबकी लगाना<br>इत्तफाक — संयोग<br>बियाबान — जंगल, उजाड़खंड | | निमित - कारण, साधन<br>गोता - डुबकी लगाना<br>इत्तफाक - संयोग<br>बियाबान - जंगल, उजाड़खंड |
| | कितने मित्र बस में यात्रा कर रहे थे? | पाँच | |
| | किसने कहा डरो मत बस चलती है? | डॉक्टर साहब | |

**निरीक्षण कार्य :-** जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों और घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

**मूल्यांकन कार्य :-**

(1) कितने मित्र बस में यात्रा कर रहे थे?

(2.) किसने कहा डरो मत बस चलती है?

**गृह कार्य :-**

बच्चों बस की यात्रा का सारांश लिखकर लाना है।

## LESSON PLAN No...6......

Date ...24/8/2022...  Duration of the period........

Pupil Teacher's Name .......निशा.....  Pupil Teacher's Roll No ....16....

Class ...6th.......  Average Age of the pupils ........

Subject.....हिंदी.......  Topic...कविता - वह चिड़िया जो

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, डस्टर, श्यामपट्ट, संकेत, पाठ्यपुस्तक आदि।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व से परिचित कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

ज्ञानात्मक उद्देश्य :-

(1) छात्रों में सौंदर्य अनुभूति का विकास करना।
(2) छात्रों की कल्पना शक्ति का विकास करना।
(3.) छात्रों में वाचन शक्ति और लेखन कौशल का विकास करना।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

छात्र कविता के अंत में कविता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे पाएंगे।

## प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | आप अपने आस - पास कौन - कौन से जीव जंतुओ को देखते हो ? | गाय, भैंस, बकरी, चिड़िया आदि। |
| (2.) | कुछ चिड़ियों के नाम बताओ ? | कबूतर, मोर, मैन |
| (3.) | ऐसी चिड़िया का नाम बताओ जिसका पंख नीला हो ? | समस्यात्मक प्रश्न |

## उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चो! आज हम सब 'केदारनाथ अग्रवाल' द्वारा रचित 'वह चिड़िया जो' कविता का अध्ययन करेंगे।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट |
|---|---|---|---|
| कविता | वह चिड़िया जो | छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं | ~~पाठ~~ - कविता वह चिड़िया |
| कवि | केदारनाथ अग्रवाल | | कवि - केदारनाथ अग्रवाल |
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका उचित लय, यति गति एवं भावानुसार कविता का सस्वर वाचन कर आदर्श वाचन | | |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| | प्रस्तुत करेगी। | | |
| कविता का व्याख्या | वह चिड़िया जो -------बहुत प्यार है। प्रस्तुत पद्यांश का छात्राध्यापिका सस्वर वाचन करेगी। कविता के पद्यांशों की भावात्मक व्याख्या करेगी। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे है। | |
| कठिन शब्दों के अर्थ | ~~काव~~ छात्राध्यापिका कविता में आए कठिन शब्दों का अर्थ बताएगी। | | कवि चिड़िया के माध्यम से अपने भीतर की कल्पित मनुष्य के गुणों को उजागर करना चाहता है। |
| अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका छात्रों को अनुकरण वाचन के लिए कहेगी। | छात्र कविता का अनुकरण कर रहे है। | |
| विकासात्मक प्रश्न | प्र०→ चिड़िया को किन चीजों से प्यार है?<br>उत्तर → अन्न, नदी<br>प्र०– कवि चिड़िया के माध्यम से क्या कहना चाहता है?<br>उत्तर → कवि चिड़िया के माध्यम से अपने भीतर की कल्पित मनुष्य के गुणों को उजागर करना चाहता है। | कॉपी में लिख रहे है। | |

## निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

## मूल्यांकन कार्य :-

(1.) इस कविता के आधार पर बताओं कि चिड़िया को किन - किन चीजों से प्यार है?

## गृह कार्य :-

(1.) 'वह चिड़िया जो' कविता को अच्छे से पढ़ कर आना है।

## LESSON PLAN No. 7

Date 27/8/2020 Duration of the period

Pupil Teacher's Name निशा Pupil Teacher's Roll No. 16

Class 8th Average Age of the pupils

Subject हिंदी Topic पाठ - लाख की चूड़ियां

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, कार्यपुस्तिका, पाठ्यपुस्तक, संकेतक।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्त्व से परिचित कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :-** छात्रों को लाख की चूड़ियाँ नामक पाठ का अध्ययन कराना।

**बोधात्मक उद्देश्य :-** छात्र लाख की चूड़ियों के बारे में अच्छे प्रकार से जान पायेंगे।

**प्रयोगात्मक उद्देश्य :-** छात्र 'लाख की चूड़ियाँ' नामक पाठ के अंत में आए प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र० स० | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| | आपके परिवार में कौन -2 है? | दादा-दादी, माँ-पापा, भाई |
| | माँ और दादी कौन -2 से आभूषण पहनती है? | चूड़ी, अंगूठी, कंगन पायल, चैन आदि |
| | चूड़ी व कंगन किन-2 वस्तुओं से बनते है? | कांच, लाख, प्लास्टिक आदि। |
| | लाख से चूड़ियां कैसे बनाई जाती है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चो! आज हम 'लाख की चूड़ियां' नामक पाठ का अध्ययन करेंगे।

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट का |
|---|---|---|---|
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोच्चारण एवं शुद्धवाणी का ध्यान रखते हुए आदर्श वाचन करेगी। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे है। | |
| कठिन शब्दों के अर्थ | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोच्चारण कर कठिन शब्दों का अर्थ स्पष्ट करेगी। | | |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| | शब्द — अर्थ<br>खपत - माल की बिक्री<br>विनिमय - वस्तु के बदलकर दूसरी वस्तु लेना<br>नाजुक - कोमल<br>मरहमपट्टी - जख्म का इलाज | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे है। | खपत - माल की बिक्री<br>नाजुक - कोमल |
| अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका विद्यार्थियों के वाचन को मनोयोगपूर्वक सुनेगी व उसमें निहित अशुद्धियों को दूर करेगी। | | |
| प्रश्न-उत्तर | प्र॰ प्रस्तुत पाठ के लेखक कौन है?<br>उत्तर कामतानाथ।<br>प्र॰- बचपन में लेखक गर्मी की छुट्टी में कहां जाता है?<br>उ॰ मामा के घर।<br>प्र॰- मशीन युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?<br>उ॰ वो बेरोजगार हो गया।<br>प्र॰- बदलू का पैतृक व्यवसाय क्या था?<br>उत्तर- लाख की चूड़िया बनाना। | सभी छात्र अपनी नोटबुक में लिख रहे है। | मामा के घर<br>लाख की चूड़िया बनाना |

**निरीक्षण कार्य:-** जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी नोटबुक में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी तथा आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करेगी।

**मूल्यांकन कार्य:-**

(1.) मशीन युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया।
(2.) लेखक बचपन में बदलू को 'बदलू मामा' की जगह क्या कहकर पुकारता था?

**गृह कार्य:-**

(1.) बदलू का चूड़ियां बेचने के लिए वस्तु विनिमय का तरीका क्या था?
(2.) 'लाख की चूड़ियां' पाठ का शीर्षक क्या है?

## LESSON PLAN No. 8

Date 1|9|2020 — Duration of the period

Pupil Teacher's Name: शिक्षा — Pupil Teacher's Roll No: 16

Class: 7th — Average Age of the pupils

Subject: हिंदी — Topic: पाठ - हिमालय की बेटियाँ

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक।

**सामान्य उद्देश्य :-**

1. छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना।
2. छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
3. छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
4. छात्रों को हिंदी भाषा से परिचित कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :-**

बच्चों में 'हिमालय की बेटियाँ' पाठ के माध्यम से हिमालय व नदियों का ज्ञान कराना।

**बोधात्मक उद्देश्य :-**

'हिमालय की बेटियाँ' पाठ के माध्यम से बच्चों गंगा, यमुना, सतलुज आदि नदियों का बोध कर सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :- बच्चे पाठ के अंत में आए प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र० स० | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
| --- | --- | --- |
| (1.) | भारत में बहने वाली कुछ नदियों के नाम बताओ | गंगा, नर्मदा |
| 2. | ये नदियाँ कहाँ से आती है? | पर्वत एवं पहाड़ो |
| (3.) | गंगा नदी किस पर्वत से निकलती है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :- अच्छा बच्चों! आज हम सब "हिमालय की बेटियाँ" नामक पाठ का अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट |
| --- | --- | --- | --- |
| पाठ | हिमालय की बेटियाँ। | | |
| लेखक | नागार्जुन। | | |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोच्चारण एवं शुद्धवाणी का ध्यान रखते हुए आदर्श वाचन करेगी। | सभी | पाठ → हिमालय की बेटियाँ |
| कठिन शब्दों के अर्थ | छात्राध्यापिका शुद्ध शब्दोच्चारण कर कठिन शब्दों का अर्थ स्पष्ट करेगी<br>शब्द — अर्थ<br>कौतूहल — जिज्ञासा<br>खुमारी — नशा<br>पिरती — बिछुड़े हुए<br>पट — वस्त्र | छात्र ध्यान | लेखक → नागार्जुन<br><br>कठिन शब्द →<br>कौतूहल - जिज्ञासा<br>खुमारी - नशा<br>पिरती - बिछुड़े हुए<br>पट - वस्त्र |
| विकासात्मक प्रश्न | प्र० → नदियों के प्रति लेखक के मन में किस प्रकार के भाव थे?<br>श्रद्धा।<br>प्र० → लेखक के अनुसार हिमालय किसका नटखट पन झेलता होगा?<br>नदियों का।<br>प्र० → लेखक ने हिमालय का समुद्र से क्या संबंध जोड़ा है?<br>ससुर - दामाद।<br>प्र० → गंगा नदी किस पर्वत से निकली है<br>हिमालय। | पूर्वक सुन रहे हैं। | |

निरीक्षण कार्य :- जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अ
कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों
और घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

मूल्यांकन कार्य :-

(1.) लेखक नदियों को माता से पहले किस रूप में देखता है?

(2.) लेखक ने अंत में क्या किया ?

गृह कार्य :-

(1.) पर्वतराज की संज्ञा किसे दी गई है?

(2.) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन -2 की प्रशंसा की है?

# LESSON PLAN No. 9

Date 4/9/2020 Duration of the period

Pupil Teacher's Name निशा Pupil Teacher's Roll No 16

Class 6th Average Age of the pupils

Subject हिंदी Topic कविता - साथी हाथ बढ़ाना

**सहायक सामग्री -**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक।

**सामान्य उद्देश्य -**

(1.) छात्रों को हिंदी भाषा से परिचित कराना।
(2.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :-**

बच्चे इस कविता के माध्यम से मिलजुल कर काम करने के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

**बोधात्मक उद्देश्य :-**

'साथी हाथ बढ़ाना' कविता के माध्यम से बच्चों में एकता की भावना का बोध होगा।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

छात्रों के आचरण व्यवहारिक जीवन में कविता के माध्यम से परिवर्तन लाना।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र. स. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | बच्चो क्या आपने कभी सड़क बनती देखी है? | हाँ |
| (2.) | सड़क कौन बनाता है? | मजदूर |
| (3.) | सड़क एक मजदूर बनाता है या कई मजदूर? | सड़क कई मजदूर मिलकर बनाते है। |
| (4.) | मजदूर मिलकर सड़क क्यूँ बनाते है? | मिलकर काम करने से काम जल्दी होता है |
| (5.) | बच्चों क्या आप अपनी कक्षा के हिंदी पाठ्य पुस्तक वसंत से किसी ऐसी कविता का नाम बता सकते है, जिसमें मिलकर काम करने के बारे में कहा गया है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चों! आज हम "साथी हाथ बढ़ाना" कविता के बारे में अध्ययन करेंगे।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| कविता | साथी हाथ बढ़ाना | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे | |
| कवि | साहिर लुधियानवी | | |
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका उचित, लय, यति गति एवं भावानुसार कविता का सस्वर वाचन प्रस्तुत करेगी। | | कठिन शब्द |
| कविता की व्याख्या | छात्राध्यापिका कविता के पद्यांशों की भावात्मक व्याख्या करेगी। | | शब्द - अर्थ<br>पर्वत - पहाड़<br>सीस - सिर<br>रस्ता - रास्ता<br>इंसाँ - इंसान (मनुष्य) |
| कठिन शब्दों के अर्थ | छात्राध्यापिका कविता में आए कठिन शब्दों का अर्थ बताएगी। | | |
| अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका छात्रों से उच्चारण की शुद्धता का ध्यान रखते हुए अनुकरण वाचन कराएगी। | | |

**निरीक्षण कार्य :-** जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

**मूल्यांकन कार्य :-**

(1.) ईसाँ शब्द से आप क्या समझते हैं?

(2.) एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना से क्या तात्पर्य है?

**गृह कार्य :-**

सभी विद्यार्थियों को घर से साथी हाथ बढ़ाना कविता को अच्छे से पढ़कर आना है।

# Lesson Plan - 10

छात्राध्यापिका नाम → निशा        कक्षा → 6th
विषय → हिंदी        समय → 40 मिनट
उपविषय → ~~कविता~~ पाठ → 'नादान दोस्त' दिनांक → 8|9|2020

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक ।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना ।
(2) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना ।
(3) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना ।
(4) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व से परिचित कराना ।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

(1) छात्र 'नादान दोस्त' नामक पाठ की विषयवस्तु का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे ।

(2) विद्यार्थी विषयवस्तु के प्रति रूचि रखते हुए ~~छा~~. गहन अभ्यास कर सकेंगे ।

(3) विद्यार्थी 'नादान दोस्त' नामक पाठ से नैतिक मूल्यो के बारे मे सकारात्मक सोच विकसित कर जीवन मे अपना सकेंगे ।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | हम कहाँ रहते है? | धरती पर |
| | धरती पर हम किसमें रहते है? | घरो में |
| | प्रतिदिन घर के आंगन में चिड़िया क्या करती है? | गाना गुनगुनाती है। |
| | चिड़ियाँ अंडे कहां देती है? | घोंसले में |
| | चिड़ियाँ के अंडे को कोई छू लेता है तो चिड़िया क्या करती है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :- अच्छा बच्चों। आज हम लोग "नादान दोस्त" नामक पाठ पढ़ेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट |
|---|---|---|---|
| पाठ | नादान दोस्त | | |
| लेखक | प्रेमचंद | | |

| [शि]क्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| आदर्श [वा]चन | छात्राध्यापिका प्रस्तुत गद्यांशों का उचित यति-गति, उतार-चढ़ाव एवं विराम चिन्हों का ध्यान रखते हुए शुद्ध एवं आदर्श वाचन करेगी। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे है। | पाठ - नादान दोस्त<br>लेखक → प्रेमचंद |
| [अन]ुकरण [वा]चन | छात्राध्यापिका छात्रों से उच्चारण की शुद्धता का ध्यान रखते हुए अनुकरण वाचन कराएगी। | | कठिनशब्द → |
| [...]न [...]ं के [...]ं | छात्राध्यापिका पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ बताएगी। | | शब्द - अर्थ |
| | **शब्द — अर्थ**<br>कार्निस — दीवार का ऊपरी हिस्सा<br>पेचीदा — मुश्किल<br>जिज्ञासा — जानने की इच्छा<br>अधीर — बेचैन<br>हिकमत — तरीका<br>फुरसत — आराम<br>तसल्ली — दिलासा | सभी बच्चे कॉपी में लिख रहे है। | पेचीदा - मुश्किल<br>अधीर - बेचैन<br>हिकमत - तरीका<br>फुरसत - आराम<br>तसल्ली - दिलासा |

**निरीक्षण कार्य :-**

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट
को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो
उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण

**मूल्यांकन कार्य :-**

(1.) (1.) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिये थे ?

(2 (2.) चिड़िया को आते-जाते बड़े ध्यान से कौन
करते थे ?

**गृह कार्य :-**

(1.) केशव और श्याम ने चिड़िया के अंडों
रक्षा की या नादानी ?

## LESSON PLAN No....11....

Date 13/9/2019 Duration of the period

Pupil Teacher's Name: निशा    Pupil Teacher's Roll No: 16

Class: 8th    Average Age of the pupils:

Subject: हिंदी    Topic: संज्ञा

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्त्व से परिचित कराना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :-** बच्चे संज्ञा के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

**बोधात्मक उद्देश्य :-** बच्चों को संज्ञा का बोध होगा।

**प्रयोगात्मक उद्देश्य :-** बच्चे संज्ञा की परिभाषा दे सकेंगे व संज्ञा के बारे में बता सकेंगे।

**प्रस्तावना प्रश्न :-**

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | हमें शिक्षा कहाँ से प्राप्त होती है? | शिक्षकों से, पुस्तकों से। |
| (2.) | शिक्षक हमें कहाँ मिलते हैं? | स्कूलों में, कॉलेज में |
| (3.) | स्कूलों में हम किन-किन चीजों से लिखते हैं? | पेन, पेन्सिल आदि। |
| (4.) | शिक्षक (व्यक्ति), स्कूल (स्थान) तथा पेन (वस्तु) आदि का बोध कराने वाले शब्दों को क्या कहते हैं? | समस्यात्मक प्रश्न |

**उद्देश्य कथन :-**

बच्चों! आज हम लोग 'संज्ञा' के बारे में विस्तार से पढ़ेंगे।

**प्रस्तुतीकरण :-**

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट |
|---|---|---|---|
| संज्ञा | किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, नाम आदि का बोध कराए उसे, संज्ञा कहते हैं। जैसे - राम, दिल्ली, पर्वत आदि | | |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| संज्ञा के प्रकार | संज्ञा के पाँच प्रकार होते है :-<br>(1.) व्यक्तिवाचक, (2) जातिवाचक,<br>(3) द्रव्यवाचक, (4) समूहवाचक, (5) भाववाचक | छात्र ध्यानपूर्वक सुन लेंगे और कॉपी में लिख लेंगे | संज्ञा के प्रकार<br>(1.) व्यक्तिवाचक संज्ञा<br>(2.) जातिवाचक संज्ञा<br>(3) द्रव्यवाचक संज्ञा<br>(4.) समूहवाचक संज्ञा<br>(5) भाववाचक संज्ञा |
| व्यक्तिवा-चक संज्ञा | जो किसी व्यक्ति विशेष, स्थान, वस्तु का बोध कराते है, उसे व्यक्तिवाजक संज्ञा कहते हैं।<br>जैसे - राम, गंगा, पटना आदि। | | |
| जातिवाच-क संज्ञा | जो संज्ञा एक ही प्रकार की वस्तुओं का (पूरी जाति का) बोध कराए, उसे जाति-वाचक संज्ञा कहते है।<br>जैसे - नदी, पर्वत आदि। | | |
| द्रव्यवाच-क संज्ञा | जिस संज्ञा शब्द से उस सामग्री या पदार्थ का बोध होता है उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते है।<br>जैसे → लोहा, चाँदी, पानी, घी आदि। | | |
| समूहवा-चक संज्ञा | जो संज्ञा शब्द किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि समूह को बोध कराए उसे समूहवाचक कहते हैं।<br>जैसे - वर्ग, सभा, सेना आदि। | | |
| भाववाच-क संज्ञा | किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं।<br>जैसे → क्रोध, मिठास, सुख, दुःख आदि | | |

निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

मूल्यांकन कार्य :-

(1.) समूहवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

(2.) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

गृह कार्य :-

(1.) संज्ञा किसे कहते हैं?

(2.) संज्ञा के भेद लिखिए?

# Lesson Plan - 12

छात्राध्यापिका नाम → निशा
विषय → हिंदी
उपविषय → वचन

कक्षा → 6th
समय → 35 मिनट
दिनांक → 16/9/2020

**सहायक सामग्री:-**

चॉक, झाडन, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक।

**सामान्य उद्देश्य:-**

(1.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताना।

**विशिष्ट उद्देश्य:-**

(1.) छात्र वचन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

(2.) छात्र वचन की पहचान कर सकेंगे।

(3.) छात्र वचन को परिभाषित कर सकेंगे।

(4.) छात्र लिखित, मौखिक तथा वाचन रूप से वचन को बता सकेंगे।

## प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | छात्रों को चार्ट दिखाते हुए, छात्रों आपको इस चार्ट में क्या दिख रहा है? | किताबें |
| (2.) | छात्रों चार्ट में कितनी किताबे हैं? | तीन |
| (3.) | तीन किताबों से किताबों का क्या पता चल रहा है? | किताबों की संख्या |
| (4.) | वो शब्द जो किसी की संख्या का बोध कराये उसे क्या कहते है? | समस्यात्मक प्रश्न |

## उद्देश्य कथन :-

बच्चों! आज हम सब 'वचन' के बारे में पढ़ेंगे।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट |
|---|---|---|---|
| वचन | शब्द के जिस रूप में एक या एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते है। जैसे - लड़का, लड़के | | |

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
| --- | --- | --- | --- |
| वचन के भेद | वचन के दो भेद होते हैं। एकवचन, बहुवचन ।<br><br>एकवचन → जिस शब्द से एक संख्या का बोध हो उसे एकवचन कहते है। जैसे - किताब, लड़की, सड़क आदि ।<br><br>बहुवचन → जिन शब्दों से एक से अधिक संख्या का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - किताबें, लड़कियाँ, सड़के।<br><br>एकवचन — बहुवचन<br>किताब — किताबे<br>लड़का — लड़के<br>लड़की — लड़कियाँ<br>मछली — मछलियाँ<br>कपड़ा — कपड़े<br>दुकान — दुकानें | छात्रायें ध्यानपूर्वक सुन रही है तथा कॉपी में लिख रही है। | वचन के भेद<br>(1) एकवचन<br>(2) बहुवचन<br><br>जिस शब्द में एक संख्या का बोध हो उसे एकवचन कहते है जैसे - किताब लड़की आदि<br><br>बहुवचन → जिन शब्दों से एक से अधिक संख्या का बोध हो उसे बहुवचन कहते है जैसे - किताबे, कपड़े, लड़कियाँ आदि। |

निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों और घूमकर उनका निरीक्षण करेगी

मूल्यांकन कार्य :-

(1.) वचन के कितने प्रकार होते हैं?

(2.) एक वचन से आप क्या समझते है?

गृह कार्य :-

(1.) वचन को परिभाषित करते हुए वचन के दोनों भेदों के बारे में उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए?

## LESSON PLAN No. 13

Date 20/9/2020 Duration of the period

Pupil Teacher's Name: निशा  Pupil Teacher's Roll No. 16

Class: 8th  Average Age of the pupils:

Subject: हिंदी  Topic: कामचोर (पाठ)

सहायक सामग्री :- चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, पाठ्यपुस्तक।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

(1.) छात्र 'कामचोर' पाठ के बारें में जान सकेंगे।

(2.) छात्रों को 'कामचोर' पाठ का बोध कराना।

(3.) छात्र कामचोरी नहीं करना चाहिए इसके बारे में अन्य को बता सकेंगे और अपने जीवन मे उतार सकेंगे।

(4.) छात्र 'कामचोर' पाठ के 8 प्रश्नों के उत्तर सही प्रकार दे सकेंगे।

## प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | साधु का विलोम क्या होता? | चोर |
| (2.) | चोर क्या करता है? | चोरी |
| (3.) | काम में चोरी करने वाले को क्या कहते है? | कामचोर |
| (4.) | कामचोर नामक पाठ के बारे में आप क्या जानते है? | समस्यात्मक प्रश्न |

## उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चों। आज हम सब 'कामचोर' नामक पाठ में बारे में विस्तार से पढ़ेंगे।

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका प्रस्तुत गद्यांशों का उचित यति गति, उतार - चढ़ाव एवं विराम चिन्हों का ध्यान रखते हुए शुद्ध एवं आदर्श वाचन करेगी। | सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुन रहे है। | |
| अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका छात्रों से उच्चारण की शुद्धता का ध्यान रखते हुए अनुकरण वाचन कराएगी। | | शब्दार्थ |
| कठिन शब्दार्थ | छात्राध्यापिका पाठ में आए कठिन शब्दों का अर्थ बताएगी।<br><br>शब्द — अर्थ<br>दबैल — दब्बू<br>घमासान — घोर, भयानक<br>फरमान — राजाज्ञा<br>तनख्वाह — वेतन, पगार<br>हवाला — उल्लेख करना | सभी बच्चे कॉपी में लिख रहे है। | दबैल - दब्बू<br>घमासान - घोर, भयानक<br>फरमान - राजाज्ञा<br>तनख्वाह - वेतन, पगार<br>हवाला - उल्लेख करना |

**निरीक्षण कार्य :-** जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

**मूल्यांकन कार्य :-**

(1.) दरी मैली है तो क्या कर सकते है?

(2.) काम करने के लिए किसका हवाला दिया गया?

**गृह कार्य :-**

बच्चों आप सभी को कल घर से इस पाठ के ... का उत्तर लिखकर लाना है।

# Lesson Plan - 14

छात्राध्यापिका नाम - निशा — कक्षा → 8th
विषय - हिंदी — समय → 35 मिनट
उपविषय - पाठ - जब सिनेमा ने बोलना सीखा — दिनांक → 23/09/2020

**सहायक सामग्री :-**

चॉक, झाड़न, श्यामपट्ट, संकेतक, पाठ्यपुस्तक।

**सामान्य उद्देश्य :-**

(1.) छात्रों में हिंदी विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना।
(2.) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(3.) छात्रों को कठिन शब्दों का उच्चारण सिखाना।
(4.) छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताना।

**विशिष्ट उद्देश्य :-**

(1.) छात्र सिनेमा के बारे में जान सकेगें।

(2.) छात्र बोलते हुए सिनेमा में दिखाये गए चरित्र को समझ सकेगें।

(3.) छात्र बोलते सिनेमा में दिखाए गए चरित्र को अपने जीवन में उतार सकेगें।

प्रस्तावना प्रश्न :-

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया |
|---|---|---|
| (1.) | बच्चों हम फिल्म, कार्टून, धारावाहिक आदि किसमें देखते है? | टेलीविजन में |
| (2.) | टेलीविजन हम लोग कहाँ देखते हैं? | घर पर |
| (3.) | सिनेमाघर में क्या चलता है? | सिनेमा |
| (4.) | जब सिनेमा ने बोलना सीखा नामक पाठ के बारे में आप क्या जानते है? | समस्यात्मक प्रश्न |

उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चो। आज हम लोग "जब सिनेमा ने बोलना सीखा" नामक पाठ के बारे में अध्ययन करेंगे।

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रिया | श्यामपट्ट कार्य |
|---|---|---|---|
| पाठ | जब सिनेमा ने बोलना सीखा | सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुन रहे है। | |
| लेखक | प्रदीप तिवारी | | |
| आदर्श वाचन | छात्राध्यापिका प्रस्तुत पाठ का उचित यति गति, उतार-चढ़ाव एवं विराम चिन्हों का ध्यान रखते हुए शुद्ध एवं आदर्श वाचन करेगी। | | शब्दार्थ<br>सवाक् फिल्म – मूक फिल्म के बाद बनी बोलती फिल्म<br>पटकथा – फिल्म के लिए लिखी जाने वाली कहानी<br>किरदार – अभिनेता की भूमिका<br>खिताब – उपाधि, सम्मान। |
| अनुकरण वाचन | छात्राध्यापिका बच्चों से उच्चारण की शुद्धता का ध्यान रखते हुए अनुकरण वाचन कराएगी। | | |
| कठिन शब्दार्थ | छात्राध्यापिका पाठ में आए कठिन शब्दों का अर्थ बताएगी।<br><br>सवाक् फिल्म – मूक फिल्म के बाद बनी बोलती फिल्म<br>पटकथा – फिल्म के लिए लिखी जाने वाली कहानी<br>किरदार – अभिनेता की भूमिका, चरित्र<br>खिताब – उपाधि, सम्मान | सभी बच्चे कॉपी में लिख रहे है। | |

निरीक्षण कार्य :-

जब सभी बच्चे श्यामपट्ट कार्य को अपनी कॉपी में लिख रहे होंगे तो छात्राध्यापिका उनके चारों ओर घूमकर उनका निरीक्षण करेगी।

मूल्यांकन कार्य :-

(1.) देश की पहली बोलती फिल्म कौन-सी है?

(2.) आलमआरा फिल्म की शूटिंग कब होती थी?

गृह कार्य :-

बच्चों आप सभी को कल घर से 'जब सिनेमा ने बोलना सीखा' नामक पाठ के अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर लिखकर लाना है?